# राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ, इकाई–जयपुर
**RAJASTHAN SUBORDINATE COMPUTER EMPLOYEE ASSOCIATION, UNIT-JAIPUR**
(अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ से संबद्ध)

कार्यालय पताः सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग(मुख्यालय), जयपुर (राज.)

कपिल चौधरी
(प्रदेशाध्यक्ष)
मो. 9950500720

मान सिंह राठौड़
(जिला अध्यक्ष)
मो. 9928014893

संजय जगदीश कर्णिक
(संरक्षक)

दीपचन्द कुमावत
(महासचिव)
मो. 9785624004

प्रकाश कुमार माली
(कोषाध्यक्ष)
मो. 8233225728

वंदना काँवत
(महिला मोर्चा अध्यक्ष)
मो. 9414313393

सत्यनारायण कुमावत
(वरिष्ठ उपाध्यक्ष)
मो. 9887931644

अजय कुमार यादव
(उपाध्यक्ष)
मो. 9785314406

नीरज शर्मा
(संयुक्त सचिव)
मो. 9929270161

इन्दु शेखर मिश्रा
(मीडिया प्रभारी)
मो. 9461306261


क्रमांक : आई.टी. / जयपुर / 16 दिनांक : 03.03.2025

श्रीमान तकनीकी निदेशक एवं
पदेन संयुक्त सचिव महोदय,
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग,
जयपुर।

विषय– नवीन कार्यालय स्थल पर शिशुपालन गृह (क्रैंच) स्थापित एवं पर्याप्त स्थान आवंटित कराने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के नियम 11ए में मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत राजकीय कार्यस्थल पर कार्मिकों के बच्चों की देखरेख हेतु शिशुपालन गृह (क्रैंच) स्थापित किये जाने हेतु प्रावधान किये गये हैं। शिशुपालन गृह (क्रैंच) स्थापित करने हेतु " **पचास या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यालय के पास होगा, निर्धारित दूरी के भीतर क्रेच की सुविधा, या तो अलग से या सामान्य के साथ सुविधाएँ उपलब्ध** " कराने के दिशा निर्देश दिये गये हैं।

शासन सचिवालय, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर, सम्राट पृथ्वीराज चौहान विश्वविद्यालय अजमेर एवं जिला कलक्ट्रेट जयपुर इत्यादि कार्यालयों में पूर्व से ही शिशुपालन गृह (क्रैंच) संचालित हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग मुख्यालय एवं झालाना क्षेत्र में स्थित अन्य राजकीय कार्यालयों में लगभग 200 से अधिक महिला कार्मिक कार्यरत हैं। महिला कर्मिकों में 35 वर्ष से कम आयु की महिला कार्मिकों की संख्या तुलनात्मक रूप से काफी अधिक है। शिशुपालन गृह (क्रैंच) की व्यवस्था होने से **विभाग में महिला कार्मिकों में कार्य करने के प्रति सक्रियता एवं कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। साथ ही, उक्त व्यवस्था प्रदान किये जाने से विभाग की महिला कार्मिकों के प्रति संवेदनशीलता भी प्रदर्शित होगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त **संवेदनशील कार्य की नवीन पहल** हेतु विभाग की नवीन बिल्डिंग में उचित स्थान आंवटित कराने का श्रम करावें।

(मान सिंह राठौड़)
जिला अध्यक्ष, जयपुर